**खबर संक्षेप**

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज होगा

**कटनी।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के निर्देश पर जिले के 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन मेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोया में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में निर्धारित थीम 'सामान्य मुख समस्याओं के लिये देखभाल के तहत शनिवार 14 जून को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मुख से संबंधित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण, प्रबंधन तथा स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास सहित अन्य बीमारियों जैसे आमवात, संधिवात, मधुमेह, उच्चरक्तचाप आदि रोगों का निःशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित किया जाएगा। मधुमेह एवं उच्च रक्त चाप की जांच की जाएगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### राज्यसभा सांसद को क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया



**सिलौंडी।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने सिलौंडी क्षेत्र में सी एम राइस स्कूल खोलने , सिलौंडी क्षेत्र में रेस्ट भवन बनाने ,आधार कार्ड पंजीयन केंद्र खोलने,आई टी आई प्रशिक्षण केंद्र खोलने और नेगाई की सरकारी भूमि में औद्योगिक इकाई खोलने की माग की है । जल्द से जल्द मूंग उड़द पंजीयन शुरू करने ,मां वीरासन देवी मंदिर का सौंद्रीकरण कराने की मांग का पत्र सौंपा है। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया सिलौंडी क्षेत्र से बड़ी संख्या में बाहर काम करने बेरोजगार लोग जाते है जबकि ग्राम पंचायत नेगाई में लगभग 200 एकड़ शासकीय भूमि है जिसमे औद्योगिक इकाइयां खुल सकती है जिससे क्षेत्र में क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ सकते है।

### नशे में वाहन चलाने पर तीन चालकों पर 30500 रूपए जुर्माना

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है एवं उक्त विशेष अभियान के तहत ट्रक क्रमांक CG 04 M 8408 चालक राहुल ठाकुर ई रिक्शा क्रमांक MP 21 JD 6218 चालक जगदीश चौधरी कार क्रमांक MP 21 CB 0932 चालक घनश्याम दास फेरवानी के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर थाना यातायात में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय पेश की कार्यवाही की गई थी जिसे उक्त प्रकरण के निकल हेतु बुधवार को प्रकरण न्यायालय पेश किया गया था जिस पर न्यायालय द्वारा क्रमशः ट्रक चालक के विरुद्ध 10,000 रुपए ई रिक्शा चालक के विरुद्ध 10,500 रुपए एवं कार चालक के विरुद्ध 10,000 रुपए तीनों वाहन चालकों के विरुद्ध कुल- 30,500 रुपए के अर्थ दण्ड से दंडित कर संबंधित वाहन मालिक को वाहन सुपुर्दनामे में दिए जाने हेतु आदेशित किया गया। न्यायालय के आदेश संबंधित वाहन चालक को वाहन सुपुर्द किया गए।

कटनी जबलपुर मार्ग में ग्राम पिपरौध के समीप हथियारबंद बदमाशों ने कार सवारों से मारपीट कर की थी लूट

# हाईवे में लूट करने वाले चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधव नगर थाना अंतर्गत हाईवे पर कार चालकों से लूट के मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 9 जून को तरनजीत सिंह निवासी मानसरोवर कालोनी ने शिकायत में बताया कि 8 जून को रात करीबन 11 बजे अपने दोस्त प्रियांशु जैन, आदित्य मुखर्जी के साथ घूमने के लिए हाईवे की तरफ गया था। पिपरौंध के पास बाथरूम करने के लिये कार की स्पीड धीमी की तभी चार अजात लड़के अचानक अंधेरे से निकलकर आ गये। उनके हाथ में बका तथा चाकू थे जिन्होने मारपीट कर प्रियांशु के पास गले में पहनी सोने की आधी चैन एवं पर्स जिसमे प्रियान्‍णु का आधारकार्ड व अन्य दस्तावेज एवं चादी की चैन छीन लिये और भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 309 (6) बी.एन.एस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।





### इनको किया गया गिरफ्तार

प्रार्थी द्वारा बताए गए हुलिये के आधार पर आरोपीगणों को तलाश शुरू की गई। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की पिपरौध के तालाब के पास के जंगल में दो-तीन दिन से चार लड़के छुपते फिर रहे हैं स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा। गिरफ्तार आरोपीयो में रोशन उर्फ गुल्ली बर्मन पिता गोविंद बर्मन 23 साल, सोनू उर्फ रेबल पिता सुरेश बर्मन 22 साल, . प्रीतम उर्फ छोटू बर्मन पिता शिवप्रसाद बर्मन 35 साल तीनों निवासी पिपरौध थाना माधवनगर एवं महेश बर्मन पिता नरेंद्र बर्मन उम्र 24 वर्ष निवासी संसारपुर थाना स्लीमनाबाद शामिल हैं।

### हथियारों के बल पर की लूट

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि 8 जून की रात करीब 11 बजे जरवाही मोड के आगे लूट करने के इरादे से बका और चाकू लिये खड़े थे तभी एक कार नायरा पेट्रोल पंप के आगे रूक रही है। प्रीतम लिफ्ट मांगने का बहाना करके दौडकर कार के सामने खड़ा हो गया। जैसे ही कार रूकी तो रोशन उर्फ गुल्ली बर्मन कन्डेक्टर की सीट पर बैठे आदमी को पकडकर बाहर खीचा तो कार का ड्राईवर भी उसे बचाने कार से उतर कर सामने आ गया। तभी पीछे से दौडकर महेश और सोनू भी आ गये। सोनू ने कार के ड्राईवर को बका मारा और महेश ने उसके पैसे पर्स छीन लिये एवं गले में पहनी हुई सोने की चैन को छीनने की कोशिश की, लेकिन छीना झपटी में चैन टूट गई और वही गिर गई। रोशन उर्फ गुल्ली बर्मन जिस व्यकित को पकडा था उससे प्रीतम ने गले में पहनी हुई चांदी की चैन खीच ली थी वह हम लोगों नें नें लडने लगा तो रोशन उर्फ उर्फ गुल्ली बर्मन हाथ में लिया हुआ चाकू से दो तीन बार मारा। तभी एक बस आती हुई दिखी तो हम लोग लोग वहां से भागे और सरकारी स्कूल के पीछे तालाब के किनारे छिप गये। आरोपीयो के विरुद्ध विभिन्न थानो मे चोरी लूट, गैर इरादतन हत्या तथा आबकारी अधिनियम के प्रकरण पूर्व से कायम होकर न्यायालय विचाराधीन हैं।

कार्रवाई थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, चौकी प्रभारी उ.नि. प्रिंयका राजपूत, स.उ.नि. शशिभूषण सिंह, प्रआर. राजेश चौधरी, पंकज त्रिपाठी, आर जज कुमार, सुरेश कोरी, विनोद विश्वकर्मा, लोकेन्द्र सिह, अजय साकेत की भूमिका रही।

### फर्जी एकाउंट बनाकर 11 लाख रूपए की धोखाधड़ी

बाकल पुलिस ने लाखों रूपए की धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपितों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी लालजी बर्मन 55 साल निवासी ग्राम बसेहड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिता प्रेमलाल बर्मन रेलवे विभाग से रिटायर हो चुके है। जिनके सेंट्रल बैंक के खाते से कोई अज्ञात व्यक्ति छल कपट पूर्वक फर्जी तरीके से अलग-अलग आईडी (सेन्ट्रल बैंक कियोस्क एवं एयरटेल पेमेन्ट बैंक) से करीब 10-11 लाख रु. खाते से निकाल लिया है। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में बाकल पुलिस व सायबर सेल कटनी की टीम बनाकर जांच शुरू की। आरोपियो की तलाश सायबर सेल की मदद से एवं मानवीय स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रार्थी के गांव मे कियोस्क चलाने वाला आरोपी मनोहर लोधी नि. बसेहड़ी जिसके यहां प्रार्थी पैसे निकालने के लिए आता जाता था व आरोपी के सहयोगी रोहित लोधी निवासी सिहुडी, सौरभ लोधी निवासी खमतरा के साथ मिलकर प्रार्थी की गुम हुई सिम का दुरूपयोग कर एयरटेल पेमेन्ट बैक व फोन पे के माध्यम से फर्जी अकाउण्ट मृतक रामकुमार लोधी के नाम से बनाकर 11 लाख रूपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिये है। जिनको पुलिस ने अभिरक्षा मे लेकर थाना आई एवं आरोपियो द्वारा अलग-अलग मोबाईलो से गुम सिम का दुरूपयोग किये गये मोबाईलो के आरोपियो के पेश करने पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है व साक्ष्य पाये जाने से आरोपियो की गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी बाकल उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, प्रआर. अवधेश मिश्रा, जोगेन्द्र तिवारी, आर. सूरलाल, अंकित, बुद्ध कुमार, सायबर सेल कटनी से उनि. रूपेन्द्र सिंह राजपूत, आर. सत्येन्द्र, आर. चंदन प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

*स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के खिरवा मोड बंधी रोड में हुई थी घटना*

## लूटपाट के मामले में फरार चल रहे 2 आरोपितों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत खिरवा मोड बंधी रोड के पास हुई लूट के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक विपिन 25 साल निवासी चाका थाना कुठला अपनी शिकायत में बताया था कि 25 फरवरी 25 को ग्राम खिरवा मोड़ बंधी रोड़ मे किराना दुकान पर वह बैठा था तभी उसके साथ आनंद यादव, रामसिह, सोनू एंव उनके 2 अन्य साथी ने गुंडा गर्दी कर मोबाईल फोन एवं काउंटर की दराज में रखे 7,000/- रुपये और जेब में रखे 5000 रुपये छीनकर भाग गए थे।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अखलेश दाहिया ने फरार आरोपियो की तलाश हेतु अलग अलग स्थानो पर टीम रवाना की। 12 जून को आरोपी राज उर्फ मंजा पिता लवकुश भुमिया 19 साल निवासी कैलवारा फाटक थाना कुठला को हाईवे पर लूट करने की फिराक मे घूमते हुए ठाकुर ढाबा के आगे एनएच 30 वायपास स्लीमनाबाद से घेरा बंदी कर पकड़ा गया। जिसके पास से एक खटकेदार चाकू मिला जिसे जप्त किया गया। आरोपी से घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल हीरो होम्डा स्पेन्डर प्लस एम पी 21 एम बी 3588 को भी जप्त किया गया। दूसरे फरार आरोपी हिमाशु उर्फ ईशु पिता गणेश यादव 21 साल निवासी सग्रहालय मोहल्ला बिलहरी थाना कुठला जिला कटनी के सबंध मे पूछताछ करने पर उसके बिलहरी तरफ होने की जानकारी मिली। जिसे बिलहरी चौकी पुलिस स्टाप की सहायता से पकड़ा गया। साथ ही पुलिस चौकी बिलहरी में धारा 132,221, 226, 296 बी एन एस के तहत दर्ज प्रकरण मे भी उसे गिरफ्तार किया गया।

उक्त प्रकरण मे पूर्व मे 3 आरोपियो अंकित पिता राजेश यादव उम्र 22 साल निवासी झिझरी थाना माधवनगर जिला कटनी, रामसिंह पिता उदय भान रघुवंशी उम्र 24 साल निवासी कैलवारा फाटक छेघरा थाना कोतवाली एवं सोनू पिता कालू साहू उम्र 21 साल निवासी शिवनगर बाला जी गेट कटनी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी मे निरीक्षक अखलेश दाहिया थाना प्रभारी, सउनि सतीश जाटव, जुबेर अली, अंकित दुबे, लखन पटेल आर. मनीष पटेल, आशीष पटेल, विवेक झारिया, बृजेश सिंह, सोने सिंह, रजनीश सिंह, अभिषेक सिंह, दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा, सौरभ पटेल, पुलिस चौकी बिलहरी थाना कुटला से प्र. आर. संतोष प्रजापति, पुलिस चौकी बस स्टेन्ड कटनी से प्र.आर. मनोज कुमार पटेल सायवर सेल से आर. अजय साकेत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक व्दारा टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की गयी है।

### किसानों को उन्नत तकनीकी एवं योजनाओं की दी जानकारी



शासन के निर्देश पर विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत में कृषि की उन्नत तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी हेतु सिलौंडी पंचायत में 12 .06 .2025 को ग्राम पँचायत सिलौंडी, कछार गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कृषि की उन्नत तकनीको एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,प्रशांत राय , रवि अवस्थी,नीरज राय ,वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ अजय तोमर, कृषि वैज्ञानिक डॉ आर के मिश्रा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर एस श्याम, वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी आर एम प्रजापति, कृषि विस्तार अधिकारी रामेश्वर पंथी ,सचिव शालिग्राम तिवारी,रोजगार सहायक अमरीश राय,अरुण राय ,रामफल काछी ,पंच पुनीत सेन ,विकास हल्दकार,रक्षा चक्रवर्ती,साक्षी काछी ,आदि मौजूद रहे।

## साप्ताहिक बाजार में पीने के पानी सहित प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

साप्ताहिक बाजार सिलौड़ी में आने वाली जनता ओर व्यापारी को प्रसाधन और पानी पीने के लिए भटकना पड़ रहा है जिससे से लोग परेशान होते है। कुछ स्थानीय व्यापारी अपनी दुकान को रोड तक फैलते है जिससे दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। कुछ ठेले वाले सड़क ठेला खड़े कर देते है जिससे राहगीरों को बहुत दिक्कत हो रही है ।

व्यापारियों ने बताया कि हम हर बुधवार को साप्ताहिक बाजार में अपनी दुकान लगाते हैं लेकिन प्रसाधन और पानी के पीने की व्यवस्था नहीं होने के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत साप्ताहिक कर के रूप 30 रुपया लेने के बाद भी कोई सुविधा नहीं दे रही है।

व्यापारी संघ ने शासन प्रशासन से मांग की है जब हम समस्त व्यापारी गण पंचायत को साप्ताहिक कर दे रहे है हम लोग के लिए बाजार में प्रसाधन और पानी पीने की व्यवस्था की है। साप्ताहिक बाजार के दिन दोपहर 12 से रात 8 बजे तक सिलौंडी साप्ताहिक बाजार स्थल से वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगे । लोगों ने बताया की क्षेत्र की सबसे बड़ी साप्ताहिक बाजार है जिसमें लगभग 300 से 350 व्यापारी के परिवार का पोषण होता है । वाहनों के प्रवेश कारण भीड़ में महिलाओं , युवतियों आम जनता और व्यापारी को बहुत समस्या होती है। साप्ताहिक बाजार स्थल में कार , मोटर साइकिल से दुर्घटना की संभावना रहती है सिलौड़ी से नैगाई ,तिलमन ,पाली को जाने वाले लोग वाहन निकलने के लिए एक अच्छा वैकल्पिक मार्ग सोसायटी होकर भारत नगर के पुल से जाने का भी है।

राहुल चक्रवती, मानी राय ने बताया वाहन को सड़क पर ही खड़ा कर लोग बाजार करने चले जाते है जिससे बहुत परेशानी होती है। वाहनों को निकलने में एक घंटे भी लग जाता है। साप्ताहिक बाजार से पंचायत को लाखों की कमाई होने के बाद भी लोगों को कोई सुविधा नही दे रही है महिलाओं और व्यापारियों को प्रसाधन के लिये भटकना पड़ता है।

*बैग में रखे थे सोने के जेवरात, स्टेशन में मिला आटो चालक*

## आटो में छूट गया लाखों के जेवरात वाला बैग, पुलिस की तत्परता से वापस मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





साउथ स्टेशन से बस स्टैण्ड तक आटो से एक महिला अपने पति के साथ पहुंची। आटो से उतरने के बाद उसे पता चला कि उसका एक बैग आटो में छूट गया है जिसमें लाखों रूपए के जेवरात रखे थे। महिला तत्काल बस स्टैण्ड चौकी पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सक्रियता दिखाई और करीब एक घंटे के अंदर आटो का पता लगाकर जेवरातों वाला बैग बरामद कर महिला को वापस लौटाया। महिला को उसके गुम हुए जेवरात वापस सौंपे तो महिला की खुशी से आंखें भर आई।

बस स्टैंड चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने बताया कि 13 जून को ललित मोहन दाहिया निवासी जिला उमरिया अपनी पत्नी गीतिका दाहिया के साथ उमरिया नागपुर ट्रेन से सुबह कटनी साउथ स्टेशन उतरे। अपने घर उमरिया जाने के लिए कटनी साउथ स्टेशन से आटो बुक कर न्यू बस स्टेण्ड आए जहां हडबडी में एक हेन्ड बैग जिसमें सोने का एक हार, एक जोड सोने की झुमकी, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र रखा था आटो में ही छूट गया। आटो सवारी छोडकर वापस स्टेशन की तरफ लौट गया। जब उसकी पत्नी गीतिका दाहिया को जानकारी हुई की उसके पास सोने के जेवर वाला बैग नहीं है तब वह बदहवाश होकर चौकी बस स्टेण्ड रिपोर्ट करने आई।

चौकी में मौजूद आर. अनमोल सिंह ने महिला की रिपोर्ट सुनकर चौकी प्रभारी उ. नि. योगेश मिश्रा को घटना की जानकारी दी और तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए कन्ट्रोल रूम स्थित सी.सी.टी.व्ही. कैमरों की तत्परता से जांच कर उक्त आटो का पता लगा लिया। ऑटो कटनी साउथ स्टेशन में सवारी के इंतजार में खडा पाया गया। जहां अनमोल सिंह ने उक्त आटो के चालक को घटना से अवगत कराते हुए बैग के संबंध में पूछताछ की। बैग आटो में ही पीछे रखा पाया गया। उक्त आटो चालक को चौकी बस स्टेण्ड लाकर ललित दाहिया के सामने बैग को चैक किया गया। बैग में रखे सम्पूर्ण सोने के जेवर सुरक्षित पाए गए। जिसे चौकी बस स्टेण्ड परिसर में आवेदक के सुपुर्द किया गया।

नगर निगम में अमृत हरित अभियान' के तहत कार्यशाला आयोजित

## नवाचारों पर विस्तृत चर्चा कर पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रातः 8:30 बजे से भोपाल स्थित रवींद्र भवन में 'अमृत हरित अभियान' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का सीधा प्रसारण एल.ई.डी स्क्रीन के माध्यम से नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। जिसको उपस्थित जनों द्वारा देखा व सुना गया।



कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरणीय संरक्षण दिशा में अहम भूमिका निभानें के उद्धेश्य से नगरीय विकास से जुड़ी योजनाओं, हरित पहल और अमृत हरित अभियान के तहत किए जा रहे नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की जाकर आमजनों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया।

अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि आगामी बारिश के मौसम के दौरान जिन चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण होना है, वहां व्यापक स्तर पर तैयारी की जाये। श्री शुक्ला ने कहा कि शासकीय भवन परिसर, कॉलेज एवं स्कूल परिसर के आस-पास पौधरोपण किया जाये। उन्होंने कहा कि नगरों के कुल क्षेत्रफल का लगभग 20 से 25 प्रतिशत भाग समृद्ध हरित क्षेत्र होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से जिन पेड़ों को आस्था के साथ लगाया जाता रहा है, हम उनको स्थानीय परिस्थिति के अनुसार ज्यादा संख्या में लगा सकते हैं। इनमें आम, जामुन, पीपल, नीम इत्यादि हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने वाले नगरीय निकायों को पुरस्कृत किये जाने की भी पहल की जाना चाहिए।

कार्यशाला के दौरान बताया गया कि वर्षा काल के दौरान सभी नगरीय निकायों में पौधारोपण का कार्यक्रम तैयार किया गया है। व्यापक पौधरोपण और वृक्षों की सुरक्षा की जिम्मेदारी शत-प्रतिशत जनभागीदारी से सफल हो सकती है। पौधरोपण के साथ उनकी सुरक्षा से जुड़ी 3 वर्ष की कार्य योजना बनाये जाना भी जरूरी है। नगर निगम में 15 से 20 लाख पौधरोपण की योजना तैयार की जाये। पौधारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु अमृत मित्र तैयार कर इस कार्य में उनका सहयोग लेने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा शहरी अधोसंरचना में नीली-हरी अवसंरचना का प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, शहरी स्थल पर हरित प्रणाली, पर्यावरण संरक्षण संबंधित कानून और नगर वनों के विकास की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक,प्र.सहा यंत्री आदेश जैन,सुनील सिंह,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी,उपयंत्री संजय मिश्रा,जे.पी बघेल, अश्वनी पांडेय आदि की उपस्थिति रही।

## चाकू दिखाकर दुकानदार से 10 हजार रूपए लूट लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सब्जी मंडी स्थित एक दुकान में अज्ञात नकाबपोशों ने चाकू की नोक पर पैसे लूट लिये। घटना के बाद कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार दीपक मोटवानी की लिखित शिकायत के आधार पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरूध्द कोतवाली पुलिस ने धारा 232, 296, 351(3), 309(4), 61(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

शिकायत में दीपक मोटवानी ने बताया कि सब्जी मंडी में गोपाल गिष्ट के नाम दुकान है। 12 जून 25 को लगभग शाम 05.30 बजे 3 लडके, मेरी दुकान आये जिसमे एक लडके का चेहरा खुला था। जिसने पीले रंग की टी-शर्ट एंव काला लोवर पहना था। बाकी दो लडके जिनमें से एक लड़के ने काली टीशर्ट एव हाफ चड्डा पहना था तथा दूसरे ने सफेद रंग की हाफ शर्ट तथा काला लोवर पहना था। दोनो नकाब पहने थे। तीनो लडके हाथ मे चाकू लिये थे। चाकू दिखा कर मेरे पिताजी को डराने लगे ओर बोले 10000/- रूपये दे। जब दुकान का कर्मचारी विरोध करने लगा तो उनमे से एक लडका चाकू मारने के लिये दौडा ओर बोला पैसा तो देना ही पड़ेगा नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। फिर तीनो लडके मेरे पिता को दुकान के सामने बनी गोदाम में ले गये ओर चाकू अड़ाकर 10000 रूपये लूट लिए। उक्त घटना दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरो मे कैद है। मेरे पिताजी काफी भयभीत हो गये।

**खबर संक्षेप**

## उमरियापान में 27 जून को निकलेगी जगन्नाथ शोभायात्रा

**उमरियापान।** उमरियापान में 27 जून को भगवान रथयात्रा निकाली जायेगी।सामूहिक वैश्य समाज के संयोजन में मचखण्डा मोहल्ला स्थित जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा निकलेगी। जो प्रमुख मार्गों से होते हुए मचखण्डा मोहल्ला जगदीश स्वामी मंदिर पहुँचेगी। यहाँ भगवान के पूजन अर्चन के साथ प्रसाद वितरण और समापन होगा।

## 400 अधिवक्ताओं को किया गया नामांकित

**कटनी।** जिला निबारण समिति क़ी सदस्य एड श्रीमति अंजुला सरावगी बजाज ने जारी विग्यप्ति के माध्यम से वताया कि म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति-ए, नामांकन समिति-सी, कार्यकारिणी समिति, अपील समिति, अनुशासन समिति-सी की बैठकें आयोजित की गईं। नामांकन समिति-ए के चेयरमेन राजेश कुमार शुक्ला, परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के. सिंह सैनी एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही नामांकन समिति-सी की बैठक में अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह भदौरिया, परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता एवं सदस्य खिलाड़ी लाल गंगोरे द्वारा बैठक संपन्न की गई। नामांकन समिति-ए एवं सी के द्वारा अधिवक्ताओ के हितार्थ कार्य करते हुये नवीन नामांकन आवेदन फॉर्मो पर विचारोपरांत लगभग 400 आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन पर मोहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया व 7 सनद पुर्नबहाली कर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान कार्यकारी सचिव श्रीमती गीता शुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रणय खरे, इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही परिषद की कार्यकारिणी समिति एवं अपील समिति तथा अनुशासन समिति-सी के द्वारा परिषद के महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

## फागिंग मशीन से किया गया दवा का छिड़काव

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संचारी बीमारी मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर के विभिन्न वार्डो में फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस शिवाजी वार्ड क्रमांक 20 में ई रिक्शा में फागिंग मशीनों के माध्यम से छिड़काव कार्य किया गया। नगर निगम द्वारा निर्धारित फागिंग कैलेंडर अनुसार शिवजी वार्ड क्रमांक 20 स्थित सोमू आटा चक्की रोड, स्कूल गली, पटेल मोहल्ला, चौहान बस्ती, ग्रीन कॉलोनी, बर्मन बस्ती सहित वार्ड की अन्य गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंए का छिड़काव किया जाकर नागरिकों को मच्छरों से प्रकोप से निजात दिलानें की कार्यवाही की गई।

## वर्षा पूर्व नाले-नालियों की सफाई में जुटी टीम

**कटनी।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित आगामी वर्षा काल के दौरान जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगम प्रशासन द्वारा नगर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों सहित सार्वजनिक स्थलों की सफाई उपरांत कचरे के उठाव का कार्य दो पारियों में किया जा रहा है। नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्रि बस स्टेंड क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, स्टेशन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, गोल बाजार में स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई का कार्य किया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। वहीं स्वीपिंग मशीन के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक से पन्ना मोड तक सड़क के दौनो ओर सफाई का कार्य किया गया। जबकि प्रतःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से स्वच्छता दूतों द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न प्रमुख मार्गो सहित रोड, डिवाइडर, तिराहों, चैराहों, मुक्तिधाम परिसर की सफाई की जाकर गार्बेज बैग में सूखे कचरे का उठाव कार्य किया गया। इस दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए।

### वर्षाकाल में पुलियों में पानी भरने से आवागमन में होती है लोगों को परेशानी

# तीनों स्टेशनों को जोड़ने फ्लाई ओवर बनाने की योजना अधर में लटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के कटनी जंक्शन, मुड़वारा एवं साउथ स्टेशन को जोडऩे के लिए फ्लाईओवर बनाने की योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। जिम्मेदार अधिकारी इस योजना के पूरे होने पर किसी न किसी समस्या को बताकर इतिश्री कर देते हैं। सेतु निगम के अधिकारी रेलवे के निर्माणाधीन ग्रेड सेपरेटर का हवाला देते हुए पिछले कई महीने से पत्राचार तक ही सिमटे नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेलवे के साथ संयुक्त सर्वे करने के बाद भी फाइनल डीपीआर रिपोर्ट तैयार हो सकेगी लेकिन सर्वे अटका हुआ है। हालांकि योजना के तहत जीएडी (जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग) शासन को भेजी जा चुकी है लेकिन डीपीआर भेजा जाना शेष है।



### बरसात में होती है परेशानी

गौरतलब है कि कटनी, मुड़वारा व साउथ रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग रेलवे के तीन अंडरब्रिज से होकर गुजरता है। बारिश के मौसम में तीनों स्टेशन जाने वाले शहरवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो अंडरब्रिज में पानी निकासी न होने से कई बार आवागमन भी ठप हो जाता है। तीनों ही स्टेशनों की मुख्यमार्गो से सीधे कनेक्टिविटी न होने के कारण भी यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। जीएडी के अनुसार योजना के तहत तीन फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, जिनकी कुल लंबाई 3686.25 मीटर तय की गई है। मंगलनगर की ओर एक किलोमीटर व गायत्रीनगर की ओर इसकी लंबाई करीब 2.5 किलोमीटर होना बताया गया है।

### ये बाधाएं बन रही है वजह

जानकारी के अनुसार आरओबी निर्माण के लिए वर्ष 2023- 24 के बजट में सर्वे के लिए राशि का प्रावधान किया गया था। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग द्वारा 79 लाख 19 हजार रुपए राशि के टेंडर जारी किया गया । नागपुर की ठेका कंपनी ने मार्च 2024 माह में आरओबी के लिए सर्वे शुरू किया, जो अबतक पूरा नहीं हो सका है।

बताया जाता है कि आरओबी निर्माण में सबसे बड़ी बाधा रेलवे की लाइनें बन रही है तो वहीं गायत्रीनगर में ग्रेड सेपरेटर की ऊंचाई अधिक होना भी इसकी वजह है। अफसरों का कहना है कि फ्लाईओवर निर्माण के लिए अधिकांश स्थानों पर सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है लेकिन गायत्रीनगर व अन्य रेलवे स्थानों पर ग्रेड सेपरेटर की ऊंचाई के चलते अबतक सर्वे नहीं हो सका है। यह ग्रेड सेपरेटर की ऊंचाई तय होने के बाद फ्लाईओवर की ऊंचाई तय होगी।

जानकारों की माने तो ग्रेड सेपरेटर की ऊंचाई गायत्रीनगर में करीब 20 मीटर के आसपास है। ऐसी स्थिति में रेलवे से करीब 10 मीटर दूर फ्लाईओवर निर्माण की अनुमति मिलने की संभावना है। ऐसी स्थिति में यहां बनने वाले फ्लाईओवर की ऊंचाई करीब 30 मीटर करनी होगी। जबकि इसके पूर्व मिशन चौक में करीब 23 मीटर ऊंचाई पर प्रदेश का सबसे ऊंचा फ्लाईओवर बन चुका है।

# स्वामित्व योजना के तहत जिले में हो रहा प्लॉट सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनकी आवासीय संपत्तियों का मालिकाना हक दिलाने और भूमि संबंधी विवादों को कम करने के लिए राज्य शासन द्वारा स्वामित्व योजना लागू की गई है।

इस योजना के तहत लोगों को संपत्ति कार्ड दिए जा रहे हैं। इस कार्ड के जरिए वे बैंक से कर्ज ले सकते हैं, जमीन गिरवी रख सकते हैं और बेच भी सकते हैं।स्वामित्व योजना के तहत अब तक कटनी जिले में 1 लाख 51 हजार 567 प्लॉट का सर्वे किया जा चुका है। इनमें कटनी तहसील के 12 हजार 141 प्लॉटों का सर्वे किया जा चुका है। इसी प्रकार कटनी नगर के 10 हजार 42 प्लॉट का , ढीमरखेड़ा तहसील के 25 हजार 449 प्लॉट का, बड़वारा तहसील के 13 हजार 873 प्लॉट का, बरही तहसील के 8 हजार 547 प्लॉट, बहोरीबंद तहसील के 23 हजार 835 प्लॉट का, रीठी तहसील के 17 हजार 717 प्लॉट का, विजयराघवगढ़ तहसील के 25 हजार 935 प्लॉट का एवं स्लीमनाबाद तहसील के 14 हजार 28 प्लॉट का सर्वे किया जा चुका है।

स्वामित्व योजना सच्चे ग्राम स्वराज को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह पहल ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने और इसे आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है। स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण भारत के आर्थिक परिवर्तन को गति देना है। भूमि सीमांकन के लिए उन्नत ड्रोन और जीआईएस तकनीक का उपयोग करते हुए, यह योजना संपत्ति मुद्रीकरण को बढ़ावा देती है, बैंक ऋण तक पहुँच को आसान बनाती है, संपत्ति विवादों को कम करती है और व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना को बढ़ावा देती है।

## संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**कटनी।** शुक्रवार की शाम नगर निगम अतिक्रमण विभाग व बस स्टेण्ड चौकी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए बस स्टेण्ड क्षेत्र में फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की। ठेला व्यापरियो के द्वारा बीच व्यापार किया जाता है जिसमे वाहन चालको के द्वारा समग्री की खरीदी करने के लिए बीच सड़को पर अपने वाहन खड़ा कर दिया जाता है जिसमे सड़क हादसे होते है।

*कोतवाली थाना अंतर्गत चंडिका नगर मोड़ समीप हुई घटना*

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, युवक की ऊंगली को दांतों से काट किया अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद गहरा हो गया। बात मारपीट तक पहुंच गई। इस मारपीट में एक युवक की हाथ की उंगली को दांतों से काट कर अलग कर दिया। पीड़ित युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनो पक्षों ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है। घटना कोतवाली थाना अंतर्गत बस स्टैंड चौकी के अंतर्गत आने वाले चण्डिका नगर मोड के समीप की है।



घायल सतेन्द्र सोनी निवासी चण्डिका ने बताया कि 12/06/25 को लगभग 9:30 बजे रात में अपनी पत्नी और बेटी के साथ स्कूटी से घर लौट रहा था तभी चंडिका नगर मोड़ के पास एक कार खड़ी हो गई। गाड़ी के सामने कोई अन्य गाडी आ जाने से लक्ष्मी नारायण गौतम अपनी गाड़ी अचानक बैंक करने लगे तो जिस पर सतेन्द्र सोनी ने आवाज लगाई की गाड़ी देखकर पीछे करो। तभी वहा दिनेश तिवारी खड़ा था अचानक आया और गालिया देने लगा और बोला की गाड़ी पीछे क्यों नहीं कर रहा। गाली देने से मना किया करने पर दिनेश तिवारी ने सतेंद्र को झापड मारे तो पत्नि ने मारपीट करने से रोका। तभी दिनेश तिवारी का बड़ा बेटा नीलेश तिवारी आ गया और दोनों मिलकर मारपीट करने लगे।

पीड़ित युवक शिवकुमार सोनी के साथ रिपोर्ट करने चौकी बस स्टैंड गए तो जहाँ चौकी के बाहर दिनेश तिवारी, नीलेश तिवारी व गोलू तिवारी ने गाली देकर मारपीट की और गोलू तिवारी ने दांत से सतेंद्र के दाहिने हाथ की बीच वाली उगली में काट ली जिससे ऊँगली अलग हो गईं। युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहाँ अधिक खून बहने और दर्द ज्यादा होनें के कारण युवक को एक निजी चिकित्सालय मे भर्ती करा दिया है। पुलिस ने मामले मे पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक. 0/25 धारा 296, 118(1),351(2), 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया।

### दोनो पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया ने बताया कि इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## संस्था प्रमुख एवं रसोईयों को दिया गया प्रशिक्षण



बरही तहसील अंतर्गत खितौली के शासकीय ईपीईएस बालक माध्यमिक शाला में शासन के निर्देशानुसार जनशिक्षक सीताराम तिवारी के नेतृत्व में जिला पंचायत एवं जनपद शिक्षा केंद्र बड़वारा के निर्देशानुसार शुक्रवार को स्कूल के संस्था प्रमुखों व रसोईयों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई व किचन की साफ–सफाई व मीनू के आधार पर भोजन बनवाने पर विस्तृत चर्चा की गई प्रशिक्षण के सभी संस्था प्रमुखों व रसोईयों की उपस्थिति रही ।

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 4 शिफ्ट में 15 कर्मचारियों की लगाई गई डयूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**जलभराव एवं बाढ़ संबंधी शिकायतों का करेंगे त्वरित निराकरण**

मानसून सत्र के दौरान बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें एवं जान-माल की क्षति को को कम करने के उद्धेश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाकर बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी सागर नायक सहायक राजस्व अधिकारी को नियुक्त किया गया है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा एक आदेशानुसार बाढ़ नियंत्रण कक्ष चार शिफ्ट में कार्य करेगा। प्रथम शिफ्ट प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक, द्वितीय शिफ्ट दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक, तृतीय शिफ्ट सायं 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक तीन तीन कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। वहीं रात्रि 12 बजे से प्रातः 6 बजे तक कुल 6 कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाकर आवश्यक निर्देश दिए गए है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारी जलभराव अथवा बाढ़ से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर शिकायत पंजी में दर्ज करेंगे तथा यथासमय ही शिकायत के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को अवगत करावेंगें तत्पश्चात संबंधित अधिकारी द्वारा शिकायत का निराकरण कराया जाकर पालन प्रतिवेदन दिया जायेगा।

निगमायुक्त श्री दुबे ने बाढ़ बाढ़ नियंत्रण कक्ष के कर्मचारियों को आपदा, जलभराव आदि की शिकायत प्राप्त होने पर व्हाट्सएप ग्रुप एवं दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारी को सूचना प्रेषित करने, बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संलग्न सभी कर्मचारी को अपने-अपने मोबाइल फोन हमेशा चालू रख आपस में संपर्क में रहकर समय-समय पर व्हाट्सएप ग्रुप का अवलोकन करने, बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संधारित उपस्थिति पंजी में भी सभी पालियों के कर्मचारी हस्ताक्षर करेंगे जिसका मूल्यांकन बाढ़ नियंत्रण अधिकारी एवं कार्यालय अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन करनें के साथ ही अधिकारी, कर्मचारियों को अनुशासन में रहकर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

*नगर में स्वच्छता को लेकर उपायुक्त ने बैठक में दिये निर्देश*

# शहर में कहीं भी नहीं दिखे गंदगी, सफाई कर्मचारियों को उपस्थिति देने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने शुक्रवार को स्वास्थ्य अमले एवं सभी इंजीनियर के साथ बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहर के सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। आगामी दो दिवस में उन्होंने शहर के सभी डिवाइडर की सफाई किए जाने के विशेष निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही शहर के सभी मार्गों, चौराहों, सेल्फी प्वाइंट,यात्री प्रतीक्षालय में भी नियमित सफाई किए जाने हेतु कहा है। सभी सफाई कर्मियों की नियमित समय पर उपस्थिति दर्ज करने की भी हिदायत दी है।



उपायुक्त ने डोर टू डोर कचरे का कलेक्शन एवं सफाई उपरांत कचरे का नियमित उठाव के साथ किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। नगर को स्वच्छ रखने हेतु आदतन सड़क में कचरे फेंकने वालों पर नियमित चालानी कार्यवाही किए जाने हेतु कहा है।

बैठक के अगले क्रम में उपायुक्त श्री गुप्ता ने आगामी वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसको ध्यान में रखते हुए सभी वार्डों में अभियान चलाकर जेसीबी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से नाली-नालों का सफाई कार्य कराये जाने के निर्देश दिए हैं ताकि सुगमता से वर्षा जल की निकासी हो सके।

उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि प्रायः यह देखने में आता है कि शहर के प्रमुख मार्गों में आवारा पशुओं के विचरण से यातायात बाधित होने के साथ कई दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है,आवारा पशुओं/मवेशियों के विचरण से इस तरह की किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इस हेतु हाँका गैंग को सक्रियता के साथ कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक,प्र सहा यंत्री आदेश जैन,सुनील सिंह,प्र स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी,उपयंत्री जे.पी सिंह बघेल,अश्वनी पांडेय,संजय मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल,समयपाल,समस्त स्वच्छता निरीक्षक,उप-स्वच्छता पर्यवेक्षकों की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने देवरी हटाई में आयोजित लोक सुनवाई में सुनीं समस्याएं

# शराब दुकान हटाने एवं कॉलेज खोलने ग्रामीणों ने कलेक्टर से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां 71 ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री यादव को अपनी शिकायतें और समस्याएं बताईं एवं आवेदन दिए। शिकायतों को सुनकर कलेक्टर श्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए । इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एस डी एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा मौजूद रहे। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में राजस्व, पेयजल, बिजली, सड़क आदि से संबंधित समस्याओं की अधिकता रही।



### शराब दुकान से परेशानी

जनसंवाद के दौरान देवरी हटाई निवासी सोने लाल ने बताया कि ग्राम पंचायत के सामने शराब दुकान खुलने से लोग शराब पीकर पंचायत आते हैं जिससे पंचायत का कार्य प्रभावित होता है। इसके अलावा पास में ही हायर सेकेंडरी स्कूल मौजूद है। जिस वजह से स्कूल के लिए जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने समय-सीमा में पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### कॉलेज नहीं होने से दो दर्जन गांव के बच्चे शिक्षा से हो रहे वंचित

देवरी हटाई के ग्रामवासियों ने नवीन कॉलेज खुलवाये जाने की मांग करते हुए कहा कि हमारे गांव से लगभग 20-25 गांव लगे हुए हैं। आस-पास कॉलेज न होने के कारण इन गांवों के बच्चे हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के बाद उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। कटनी महाविद्यालय यहां से 25 किमी दूर पड़ता है। सही साधन न होने के कारण आने-जाने में काफी समय लगता है एवं किराया भी महंगा पड़ता है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने कॉलेज प्रिंसिपल को ग्रामीणों की मांग का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए।

### नलकूप खनन करवायें

ग्राम देवरी हटाई निवासी सतई प्रसाद कोरी ने कहा कि वार्ड क्रमांक 5 में पानी की काफी किल्लत है। इस किल्लत को दूर करने के लिए नवीन नल कूप का खनन करवाया जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने पीएचई विभाग को निश्चित समय-सीमा के अंदर कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

देवरी हटाई निवासी ललित कुमार गुप्ता ने आवेदन देते हुए कहा कि मैं खाद्यान्न पर्ची में नाम जुड़वाना चाहता हूँ। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को पात्रतानुसार नाम जोड़ने के निर्देश दिए।

### विद्यालय के नवीन भवन का करायें निर्माण

ग्राम देवरी हटाई निवासी काशी प्रसाद गुप्ता ने आवेदन देते हुए कहा कि गांव के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला का भवन अत्यधिक जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है। बच्चों के साथ आकस्मिक दुर्घटना की संभावना को देखते हुए नवीन भवन निर्माण स्वीकृत किया जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जनपद पंचायत के सीईओ को निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## खदान में गिरने से वृद्ध की मौत

**कटनी।** एक खुली पड़ी खदान में गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार भट्टा मोहल्ला निवासी लक्ष्मण मलिक 64 गत दोपहर 12 बजे खनन कार्य पूरा होने के बाद से खुली पड़ी खदान में कचरा फेकने गया था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह खदान में गिर गया। खदान में पानी भरा था जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय निवासियों ने खदान में अधेड़ का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 20 जून को

**दमोह।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 20 जून 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित की गई हैं।

### किसानों के सारे मामले संवाद के माध्यम से हल करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

**दमोह ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार सदैव किसान हितेषी निर्णय लिए जाने के लिए जानी जाती है। ऐसे में मूंग खरीदी को लेकर कोई विषय आया है और इस सिलसिले में कृषि मंत्री से बात कर रहे हैं और किसान संघ से भी बात करेंगे। हमारी सरकार संवेदनशील सरकार है और सभी मामले को संवाद के माध्यम से हल करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी संदेश में यह बात कही।

### विधायक के प्रयासों से मिली विद्युत सब स्टेशन की सौगात

**पन्ना।** पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टिकुरिहा एवं लक्ष्मीपुर में विद्युत सब स्टेशन की सौगात मिली है। इससे धरमपुर, बृजपुर एवं रमखिरिया क्षेत्र में भी विद्युत की लो वोल्टेज एवं पॉवर कट की समस्या से निजात मिलेगी। क्षेत्रीयजनों की मांग पर विधायक श्री सिंह ने विधानसभा में विद्युत सब स्टेशन की मांग ऊर्जा मंत्री के समक्ष रखी थी। विद्युत सब स्टेशन की मांग पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों ने स्थानीय विधायक का आभार जताया है। चार करोड़ 23 लाख रूपए की लागत से उक्त दोनों विद्युत सब स्टेशन का निर्माण होगा।

### स्टेट बैंक के पास मोटर साइकिल को अज्ञात टेंपो ने मारी टक्कर, महिला घायल

**अमानगंज**– नगर के स्टेट बैंक के पास एक बाइक को किसी अज्ञात टेंपो ने टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार महिला के सिर में गंभीर चोट आई। घटना के विषय में प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सिरी निवासी सीजपाल चौधरी मोटरसाइकिल से अमानगंज मां ज्वाला इंडेन गैस एजेंसी केवाईसी कराने अपनी पत्नी को लेकर जा रहा था कि तभी स्टेट बैंक के पास किसी अज्ञात टेंपो चालक ने उसे टक्कर मार दी घटना में उसकी पत्नी सीता पति सीजपाल चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिरी घायल हो गई और उसके सिर में गंभीर चोट आई।

### लापरवाह चालक को एक साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर दो लोगों चोटिल करने वाले एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर डेढ़ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।प्रकरण में पैरवी एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने किया। प्रकरण करीब 8 साल पुराना है।

---

हटा में रिजल्ट सुधारने के लिए 1425 विद्यार्थी देंगे 10वीं, 12वीं बोर्ड की दूसरी बार परीक्षा

# 17 जून से होगी हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं कक्षा में जिले का रिजल्ट इस बार पिछले कुछ सालों की तुलना में बेहतर आया है। इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस साल एक या दो विषय में विद्यार्थियों को मिलने वाली पूरक यानी सप्लीमेंट्री के प्रावधान को खत्म कर दिया है। उसकी जगह द्वितीय परीक्षा ली जा रही है, यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किया गया है। जिसके तहत विद्यार्थी एक से लेकर सभी विषयों तक की द्वितीय परीक्षा दे सकेंगे।

इस निर्णय से कमजोर और परीक्षा में किसी कारण वश अनुपस्थित रहने और कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। वे अब दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। जिसमें विकासखंड हटा में इस साल 10वीं में 920 और 12वीं के 504 विद्यार्थी फेल हुए हैं जो अब द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे। साथ ही अंक सुधारने के लिए कुछ विद्यार्थीयों ने भी फिर से ऑनलाइन फार्म जमा किए हैं जो अब द्वितीय परीक्षा दे सकेंगे। शिक्षा विभाग के प्रभारी बीईओ बीएल बिदौलया ने बताया कि द्वितीय परीक्षा के ऑनलाइन फार्म जमा करने की तारीख विगत 8 जून तय की गई थी जिसमें रिजल्ट सुधारने वाले द्वितीय परीक्षा हेतु विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फार्म जमा किए। वहीं शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा द्वितीय परीक्षा का टाइम टेबल भी घोषित कर दिया हैं।

**17 जून से शुरू होंगी परीक्षाएं**

इसमें 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा 17 जून को सुबह 9 से से दोपहर 12 बजे के बीच होगी। 10वीं की परीक्षा 26 जून और 12वीं की परीक्षा 5 जुलाई तक चलेगी। परीक्षा के लिए हटा विकासखंड में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए जिसमें हटा सीएम राइज विद्यालय, एमएलबी हटा, नवीन हायर सेकेंडरी हटा, के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से हायर सेकेंडरी मडियादो, हिनौता एवं रनेह हायर सेकेंडरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन परीक्षा केन्द्रों में अनाधिकृत प्रवेश रोकने तथा कानून शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की चतुर्दिक परिधि के अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत 17 जून से 5 जुलाई तक निषेधाज्ञा पारित की हैं। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति उक्त परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की चतुर्दिक परिधि के समीप किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र नहीं ले जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि के अंदर ईंट, पत्थर, जिनमें उनके टुकडे भी सम्मिलित हैं, संग्रहित नहीं करेगा, न ही करवाएगा, और न ही संग्रहित कराने का दुष्प्रेरण करेगा। परीक्षा केन्द्र स्थल तथा उसके 100 मीटर की परिधि के अंदर ड्यूटी में तैनात कर्मियों के अलावा कोई भी व्यक्ति किसी भी उद्देश्य से प्रवेश नहीं करेगा।

परीक्षा उपरांत कॉपियों की चेकिंग का कार्य शुरू किया जायेगा और 20 जुलाई से लेकर जुलाई के अंत तक रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा, ताकि पास होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षाओं में आसानी से प्रवेश मिल सकेगा। बता दे कि कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रक्रिया मई के अंतिम सप्ताह में शुरू हो गई है, जो प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण तक जुलाई के अंत तक चलती है लेकिन इस बार प्रक्रिया को और अधिक समय तक बढ़ाया जा सकता है, ताकि द्वितीय परीक्षा में पास होने वाले सभी विद्यार्थी कॉलेज में प्रवेश ले सकें।

---

# सौ एकड़ वनभूमि अतिक्रमण मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा रेंज के वन विभाग के अमला ने सेलवाडा सर्कल मँहगुवाकला के आरएफ 201 के जंगल की जमीन पर लगभग 40 हेक्टेयर भूमि पर काबिज लोगो का जेसीबी मशीन से100 ऐकड कब्जा हटाया गया है। जिसमें तार फिनिसिंग, टपरा टपरियां को अलग किया गया है। ज्ञात हो कि वन विभाग की भूमि पर लगभग 20 सालो से लोगो के द्वारा कब्जा कर खेती की जा रही थी। इस बार भी बोनी का काम शुरू कर दिया था। जिसे रोकने के लिए वन विभाग के द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई है। लोगो के द्वारा कई सालो से सेकड़ो एकड वन भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे है। जिसे हटाने की मुहिम वन विभाग के द्वारा चलाई जा रही है। साथ ही कब्जा हटाकर पौधो का रोपण किए जाने की भी तैयारी की गई है। यह वही जगह है जिसमें पिछलै साल वन विभाग और आरोपियों के बीच झगड़ा भी हुआ था कार्रवाई के दौरान डिप्टी रेंजर सुशील खरे, महेंद्र खरे वंनरक्षकों हित मौजूद रहा तेंदूखेड़ा रेंजर मेघा पटैल ने बताया कि वन विभाग के द्वारा बडे. पैमाने पर जंगल की जमीनो पर हुए कब्जा को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके चलते महगुँवा कला का कब्जा हटाया गया है। यहां पर भी कई सालो से लोगो के द्वारा वन विभाग की जमीन पर खेती की जा रही थी। लेकिन अब कब्जा हटाकर यहां पर पौधो का रोपण किया जाएगां। इसके अलावा वर्तमान में जंगल की जमीन पर अनेक स्थानो पर लोगो के द्वारा कब्जा किया हुआ है। उनका भी कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगीं।

---

# शिविर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में हुआ आचार्य विद्यासागर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन। क्यूरेटर वर्षा जैन, प्राची जैन ने श्रेष्ठ पिच का निर्माण किया। जिसमें श्रमण संस्कृति युवा मंडल एवं जिन देशना बालिका मंडल के मध्य क्रिकेट मैच खेल गया। राष्ट्रगान एवं मेरी भावना से मैच शुरू हुआ श्रमण संस्कृति युवा मंडल के कप्तान अर्णव जैन ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। जिन देशना बालिका मंडल ने 80 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें सबसे ज्यादा 36 रन सेजल जैन ने बनाए। समी ने 22 रन बनाए। बैटिंग करने उतरी श्रमण संस्कृति युवा मंडल टीम निरंतर विकेट खोटी गई और 66 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सबसे ज्यादा 37 रन आरुष जैन ने बनाए त विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच भी रहे। अंपायर ब्र. अमित, प्राचार्य अनिल जैन, पार्षद सतीश बाबा ने सटीक निर्णय दिए। स्कोरर शिक्षिका अंतिम जैन ने औपचारिक जीत की घोषणा की। कॉमेंटेटर पंडित संयम एवं पंडित अनिकेत जी ने मैच को रोचक बना दिया। थर्ड अंपायर संजीव शाकाहारी ने सही सटीक निर्णय लेने में भूमिका निभाई। सिंघई मंदिर महासमिति का सहयोग रहा । मैच के अंत में सभी प्लेयर्स को पुरस्कार वितरण किए गए। आज की शांतिधारा 4 बालकों ने सम्पन्न की और इसके उपलक्ष्य में अर्घ्यम् अपनी गुल्लक की संपूर्ण राशि स्वाध्याय के कार्य में समर्पित कर दी। आशीष जी टंडन बगीचा ने भी शांतिधारा सम्पन्न करके सम्पूर्ण विश्व में शांति समृद्धि और दीर्घायु की कामना की।

पीयूष जैन ने पूजन में अपने भजनों से सभी को भक्ति में मग्न कर दिया। पूजन के बाद मंत्रोच्चारण पूर्वक पद्मासन में बैठकर सभी ने सव ल्पाहार किया और कक्षाओं में गए। जिला दमोह शिविर प्रभारी ने समस्त के केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्था परीक्षण किया जिसमें कमेटियों के कार्यों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। प्रत्येक केंद्रों पर स्वल्पाहार, मनोवैज्ञानिक खेल आदि निरंतर खेले जा रहे हैं। संपूर्ण स्वाध्याई जन प्रसन्न हैं। जन भावना शिविर की डेट बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। परन्तु विद्वानों के पास समय कम होने के कारण शिविर का समापन 15 जून रात्रि 7.30 से मानस भवन दमोह में होगा जिसमें जिले के समस्त रैंकर कार्यकर्ताओं को, विद्वानों को, केंद्रों के संयोजकों को सम्मानित किया जाएगा।

---

# केन्द्रीय मंत्री ने सतधरू डेम का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आज प्रातः सतधरू डेम पहुंचकर डेम सहित जल सप्लाई क्षेत्र के विभिन्न संयंत्रों का जायजा लिया। इस अवसर पर सतधरू डेम के प्रशासनिक क्षेत्र में कठहल के पौधे का रोपण किया।

सामाजिक न्याय मंत्री श्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जो सोच है, प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना से हर घर नल से जल ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से पहुंचे। उन्होने कहा बुंदेलखंड में अक्सर यह दृश्य देखने में आता था कि 1 साल अगर बारिश हो जाती थी तो कई बार 2 साल लगातार बारिश नहीं होती थी और ऐसे कठिन समय पर हमारी माताओं बहनों को खेतों में 2-3 किलोमीटर दूर जाकर एक-एक गगरी पानी लेने के लिए परेशान होना पड़ता है। आज प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना से देश के लगभग 15 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों में हर घर नल और नल से जल पानी पहुँच रहा है। मंत्री श्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा दमोह के जल जीवन मिशन योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लान में 452 गांव को शामिल किया गया है। इसमें दमोह, जबेरा, हटा, पटेरा, वहाँ पानी पूर्णतया शुद्ध फ्यूरीफाई वाटर पहुंचे। इस बात को पूरी तरह से सुनिश्चित किया जाता है, यहाँ का स्टाफ दिन-रात पानी को स्वच्छ रखने के साथ ही गांव से रोटेशन सैंपल लेकर गांव में जो पानी पहुंचे जल जीवन मिशन योजना से वह साफ स्वच्छ पानी हो जैसा शहरों में पहुंचता है, वैसे ही आज गांव में पानी पहुँच रहा है।

मंत्री श्री खटीक ने कहा प्लांट में विजिट किया तो स्टाफ से मिलकर बड़ी प्रसन्नता हुई, यहॉ का स्टाफ बड़े मनोयोग से अपना काम कर रहे है, चाहे लैब का काम हो, चाहे वाटर सप्लाई का काम हो, चाहे वो वाटर ट्रीटमेंट का काम हो, जिसको जो दायित्व मिला है, अपने काम को बखूबी निभा रहे है और बस्ती से परे हटकर इतने दूर स्टाफ यहीं रहकर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करके देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपने को साकार करने में अपना योगदान दे रहे है। मंत्री श्री वीरेन्द्र कुमार ने यहाँ के स्टाफ को बधाइयां देते हुये कहा जल जीवन मिशन केवल यहाँ की योजना नहीं है, यह योजना राष्ट्र के लिए बनाई गई है और उस राष्ट्रीयता का भाव लेकर अपने ड्यूटी ना मानकर समाज, राष्ट्र के लिए समर्पण भाव से योगदान दे रहे है, आप सभी अभिनंदन के पात्र है।

**पौधारोपण हुआ**

केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने सतधरू प्लांट परिसर में कठहल का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, एस.डी.एम निकेत चौरसिया, जल निगम के महाप्रबंधक गौरव सराफ, जिला कार्यक्रम अधिकारी जयंत वर्मा, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास संजीव मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

# अग्रवाल महिला मिलन द्वारा समर कैंप का आयोजन

### 7 जून से 11 जून तक अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक में आयोजित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अग्रवाल महिला मिलन समिति दमोह द्वारा महिलाओं व लड़कियों के लिए निः शुल्क समर कैंप का आयोजन विगत पांच दिनों से कराया जा रहा है जिसमे कई प्रकार के हुनर सभी को सिखाये जा रहे है जो आगे भविष्य में उनके काम आएंगे। जिसमे पहले दिन कान्हा जी की पोशाक व पगड़ी बनाना श्रीमती रानू श्री मनीष अग्रवाल द्वारा, दूसरे दिन केक बनाना व आइसिंग करना सुश्री प्राजक्ता श्री संजय अग्रवाल द्वारा, तीसरे दिन गोद भराई के लिए साधे व पकवान बनाना श्रीमती सीमा श्री अनिल अग्रवाल व श्रीमती रचना श्री दीपक अग्रवाल द्वारा, चौथे दिन सिंपल व ब्राइडल मेकअप तनीषा ब्यूटीपार्लर की श्रीमती वंदना चौरसिया द्वारा व अंतिम दिन योगा प्रशिक्षण आर्ट ऑफ लिविंग की योगा टीचर श्रीमती अनीता श्री के सी अग्रवाल द्वारा दिया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने व दूसरे शहरों में शादी हुई और अपने मायके दमोह आई हुई बेटियों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया और नई नई कलाकारियां योग्य व अनुभवी महिलाओं द्वारा प्राप्त किया।अपनी सीखी हुई कला का उपयोग करके कोई भी महिला भविष्य में अपना रोजगार खोलने या किसी और को योग्य बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। महिला मिलन की अध्यक्ष श्रीमती कंचन व सभी पदाधिकारियों श्रीमती सीमा, रश्मि, रचना, सपना, वीणा, सपना श्री मनोज ने कार्यक्रम को बहुत ही अच्छी तरह सम्पन्न कराया। महिला मिलन समिति की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनीता, श्रीमती संगीता, श्रीमती रमा, श्रीमती सुमित्रा व महिला मिलन की बहनों की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। साथ-साथ भूले बिसरे गेम का आयोजन भी महिला मिलन समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम के समापन दिवस पर सभी प्रशिक्षण देने आई महिला प्रशिक्षिकाओं को महिला मिलन समिति के तरफ से आभार स्वरूप गिफ्ट दिए गए।

---

# अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को दी श्रृद्धांजली



**दमोह।** अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का बोइंग ड्रीमलाइनर विमान एआइ-0171 अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के चंद मिनटों के भीतर ही एक मेडिकल कालेज के हॉस्टल के भवन से टकराते हुए मेस पर जा गिरा। इस दौरान विमान धमाके के साथ आग के गोले में तब्दील हो गया। इसमें सवार 12 सदस्यीय चालक दल समेत 242 यात्रियों में से 241 की मौत हो गई। हादसे में चमत्कारिक रूप से एकमात्रयात्री की जान बची है।यही नहीं, हादसे में हास्टल में रह रहे 20 से अधिक मेडिकल छात्रों की भी मौत हुई है, जबकि 50 से अधिक जख्मी हैं। देश में असमय हुए गंभीर हादसे में सभी मृतजनों को टाईम्स महाविद्यालय श्रद्धांजली अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हैं कि सभी मृतजनों के परिवार को इस गंभीर दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

---

# महाकाल मित्र मंडली ने मासूम बिटिया महक के पिता का किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह की सामाजिक संस्था महाकाल मित्र मंडली के सदस्य साहिल विरमानी, जेपी मिश्रा,प्रकाश गोस्वामी, आदित्य असाटी, ऋषि खरे को जानकारी प्राप्त हुई कि बुरहानपुर के नेपानगर निवासी विकास चिंधा हाटकर जो लोकमान्य तिलक कुर्ला एक्सप्रेस से कटनी की और जा रहें थे जिनकी अचानक तबीयत बिगड़ने पर उनका दुःखद निधन हो गया। महाकाल मित्र मंडली के सदस्य साहिल विरमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शव अज्ञात अवस्था में था। जिसकी शिनाख्त नेपानगर बुरहानपुर निवासी के रूप हुई। जिसमें मृतक विकास की 12 वर्षीय मासूम बिटिया अपने पिता का शव लेने दमोह पहुंची तो मासूम बिटिया के पास शव को बुरहानपुर लेने जानें की व्यवस्था नहीं थी। तब हमारी महाकाल मित्र मंडली के सदस्यों ने मिलकर अंतिम संस्कार किया। सामाजिक कार्यकर्ता जेपी मिश्रा ने बताया कि हमारी संस्था गैर राजनीतिक है। हमारे महाकाल मित्र मंडल के सदस्यों का कहना है कि यह एक सेवा रूपी कार्य जो हमारे सदस्य करते हैं। मासूम बिटिया जिसके सिर से पिता का साया हट गया हो वो कितनी परेशान होंगी यह तो सिर्फ ईश्वर जानता है। जब हमारे महाकाल मित्र मंडली के सदस्यों ने मासूम महक को ढांढस बांधते हुए कहा कि बिटिया को जब भी महाकाल मित्र मंडली की जरूरत होगी समिति के सदस्य मदद के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे। नेपानगर बुरहानपुर निवासी का अंतिम संस्कार जटाशंकर मुक्ति धाम में किया गया। इस दौरान मासूम बिटिया महक ने नमः आंखों के साथ अपने पिता को मुखाग्नि दी।

---

# तृतीय चरण पुस्तक मेला 14 जून से 15 जून 2025 तक

**दमोह।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में तृतीय चरण 14 जून से 15 जून 2025 तक शासकीय एम एल बी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के प्रागंण में दो दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले का आयोजन प्रतिदिन शाम 04 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा रहा हैं। इस सबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा दो दिवसीय पुस्तक स्टेशनरी एवं गणवेश मेला आयोजन स्थल पर अस्थायी चिकित्सा केन्द्र की स्थापना प्राथमिक उपचार किट के साथ उपयोगी एवं महत्वपूर्ण दवाओं की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता हैं। इसी प्रकार जिला यातायात प्रभारी से कहा हैं मेला आयोजन स्थल के आसपास यातायात नियत्रंण एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने, ट्रैफिक जाम एवं अव्यवस्था को रोकने, आम जनता एवं आगन्तुकों को यातायात मार्ग एवं पार्किंग स्थलों की सूचना देने हेतु संकेतक, बेरीकेड्स तथा पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता हैं। इसी प्रकार दो दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले में शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी अप्रिय घटना को रोकने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था कराए जाने का आग्रह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से किया गया हैं।

---

# कालोनाईजरों को दिये गये नोटिस को लेकर मीडिया में उठे सवाल

*जिला कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली सुर्खियों में है। जिस तरह से कालोनाईजरों को नोटिस जो दिये गये हैं। नियमों का पालन न कराये जाने को लेकर जिसमें नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय के पति अरविन्द्र पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय जो इस समय विधायक पन्ना के प्रतिनिधि भी है। साथ ही भाजपा का दामन थामने वाले मनोज केशरवानी का भी नाम सामने है। इन परिस्थितियों में जहां सत्तारूढ़ दल के विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह से मीडिया ने जब सवाल किया तो जवाब में नोटिस के जवाब के बाद ही सामने आयेगा सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय का नाम पहले दिया गया। पति का नाम सामने लाया गया आखिर यहां तो सीधेतौर पर अरविन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय का नाम लाया जा सकता था। पर नपा अध्यक्ष का नाम नोटिस देने की खबर कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। नियमों के तहत होता है क्या सबकी नजर। आगे होता है क्या प्रशासन व पार्टी के नुमाइंदें जिन पर लगे आरोप आगे कार्यवाही पर सबकी नजर या जिला प्रशासन के मुखिया को लेकर कार्यप्रणाली को लेकर सबकी नजर। कौन सही कौन गलत निर्णय के बाद आयेगा सामने विधायक का दावा।*

पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार इन दिनों कार्यप्रणाली को लेकर सुर्खियों में है। जहां विगत दिवस मीडिया के सवालों में कहीं न कहीं सत्ता पक्ष के विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भी जवाब दिया। जिस तरह से मीडिया ने उनसे सवाल किया सत्ता पक्ष के लोगों में जिन लोगों के नाम नोटिस जारी किये गये है। कलेक्टर पन्ना के द्वारा जिन्हें कालोनाईजरों के नियम फालो न करने पर यह नोटिस चर्चा में है। खासकर पन्ना नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय के पति अरविन्द्र पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय जो इस समय विधायक प्रतिनिधि है वहीं मनोज केशरवानी जो इस समय भाजपा का दामन थाम चुके है इसके बाद इन नोटिस में जिनका नाम भी सुर्खियों में है वहीं मीडिया ने जब विधायक पन्ना से जाना तो सीधा सरल जवाब नोटिस का जवाब देने के बाद ही सब सामने आयेगा। आखिर यहां एक बार फिर जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार की कार्यपणाली की ओर सबकी नजर टिकी हुई है आखिर नोटिस के बाद जवाब के बाद ही पारदर्शिता क्या होगी यह सवाल सबके जेहन पर है। जिस तरह से कलेक्टर पन्ना ने कालोनाईजरों को नियमों का पालन न कराने पर यह नोटिस जारी किये वहीं आगे कार्यवाही जवाब के बाद क्या तय होगी जहां सत्ता पक्ष व प्रशासन दोनों को लेकर भी प्रश्न बन चुके है।

### आकांक्षी जिला की बैठक संपन्न: दमोह जिला देश में प्रथम तीन जिलों में शामिल-कलेक्टर

# दमोह आकांक्षी जिला, हम अपना रोल तय करें-केन्द्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



स्वल्पाहार बनता है, वह स्वल्पाहार भी मिलेट से बने हुए सामानों का आता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी स्वयं साल में एक या दो बार सांसदो और मंत्रियों की बैठक बुलाते हैं, तो उसमें मिलेट से बने हुए सामानों के भोजन बनवाये जाते हैं। बुंदेलखंड में विशेष रूप से दमोह आकांक्षी जिला है। जिले में कृषि विज्ञान केंद्र भी है और कृषि विज्ञान केंद्र में हम अपने वैज्ञानिकों को इस दिशा में प्रेरित करने का काम करते। इस आशय के निर्देश आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित आकांक्षी जिला की बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने व्यक्त किये। इस मौके पर सांसद राहुल सिंह, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर,अपर कलेक्टर मीना मसराम खासतौर पर मौजूद थे। बैठक में केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा सांसद राहुल सिंह ने कहा कि बीजों का वितरण सातो ब्लाकों में हो और वितरण ऐसा हो कि रिपीटेशन नहीं हो, एक को मिल गया और दूसरे को न मिले, हम कुछ किसानों को चिन्हित कर लें कि वहाँ पर हमको मिलिट्स के उत्पादन को कैसे बढ़ावा देना है, तो हमने केवल किसानों को बीज दे दिया इतने तक सीमित नहीं होना है। हम उसको फॉलोअप करने का काम करे, कृषि विज्ञान केंद्र के हमारे वैज्ञानिक बीच-बीच में बराबर किसानों के बीच जाते रहे उसका रखरखाव कैसे करना, उसको कितनी मात्रा में पानी देना है,

मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा, एक देश एक राशन की व्यवस्था प्रधानमंत्री जी ने की है, हमारे यहाँ का मजदूर अगर मजदूरी करने के लिए हरियाणा, पंजाब जा रहा है, उसका परिवार के सदस्य यहाँ रहते है, तो यहाँ राशन ले सकते है, बाकी सारे वहाँ ले सकते है। उन्होंने कहा हम अपने टीकाकरण अभियान मिशन इंद्रधनुष को सफल बनाने के लिये आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एमपी.डब्ल्यू, ए.एन.एम सब को संयुक्त रूप से प्रयास करके जमीनी स्तर पर उतारकर ऐसी हमारी जो गर्भवती बहन है, जो कम वजन वाली है, खून की कमी वाली बहनें हैं उनको चिन्हित करके समय पर उनको आयरन की गोली और विशेष पोषण आहार भी मिल जाये। इसमें जनप्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उस गांव का जो सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य रहता है, ऐसे जो जनप्रतिनिधि है उन जनप्रतिनिधियों की भूमिका को भी इसमें साथ में जोड़ना पड़ेगा। उन्होने ने कहा, छोटे-छोटे किसान जिनकी भूमि मात्र एक एकड़, 2 एकड़ है, वह किसान भी आज मिलेटस का उत्पादन कर रहे है और मिलेटस को खरीदने वाले लोग तैयार रहते है, आज मिलेट्स की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। अंतर्राष्टीय स्तर पर भारत के मिलेट्स को पहचान मिल रही है।

बैठक में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सम्पूर्ण भारत देश में लगभग 112 जिले तय किए हैं। अलग-अलग रैंकिंग या पायदान पर जिसमें स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, शिक्षा के क्षेत्र में और तकरीबन 508 ब्लाकों को चयनित किया गया हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा उद्देश्य केवल अलग-अलग इंडिकेटर्स में जो जिले पिछड़ रहे है, उनकी समीक्षा की जाए। अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर इसको ऊपर उठाया जाए। सांसद श्री लोधी ने कहा जब 112 जिलों की सूची बनी थी तो उस समय दमोह जिला 108 वे नंबर में था और अब टॉप 3 में दमोह आ गया है। निरंतर केंद्रीय मंत्री अलग-अलग जिलों में जाकर इसकी समीक्षा ले रहे हैं। बेहतर प्रयास यह हैं कि जिले की रैंकिंग उठे। स्वास्थ्य, पानी शिक्षा की व्यवस्था बेहतर हो और समय-समय पर समीक्षा होती है। सांसद श्री लोधी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का 2047 का संकल्प पूर्ण हो। सभी जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों के साथ हम लोग के दिशा और लक्ष्य तय करेंगे। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जिस तरह से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्रतिदिन दुकानों का निरीक्षण का रिपोर्ट दी जा रही है इसी तरह से शिक्षा विभाग भी स्कूलों का निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट दे ताकि उसे प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि किसानों को बीज का वितरण किया जाता हैं। समान मात्रा से सभी ब्लॉकों में उसका वितरण किया जाए और उसका वितरण जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराया जाए। सांसद श्री लोधी ने कहा कि बीज वितरण कार्यक्रम की सूचना उन्हें दी जाए वह भी इन कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया और विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने भी अपने अपने विचार रखे।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा नीति आयोग के विभिन्न पैरामीटर अंतर्गत दमोह जिला देश में प्रथम 03 जिलों में शामिल हैं। जब नीति आयोग के तहत आंकाक्षी जिलों में दमोह जिले को चुना गया था तब जुलाई 2018 में दमोह जिला 108 वें स्थान पर था परंतु विभागो के प्रयासों से आज दमोह जिला 03 वें स्थान पर पहुँच चुका हैं। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं और जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य आदि के संबंध में जिले में चलाए जा रहे अभियान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा प्रारंभ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों में भी जांच के बाद अब आरोग्य केद्रों पर भी जांच की व्यवस्था कर दी गई हैं। बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट खराब होने के संबंध में कहा कि रिजल्ट खराब है किंतु पिछले बार से अच्छा है। हमारा लक्ष्य प्रबल और प्रखर बच्चों का चयन करके इस पर काम करने की रणनीति है। कलेक्टर ने कहा 16 जून से रणनीति पर काम शुरू किया जा रहा है। यह भी बताया कि 1 जुलाई से छात्रों के जाति प्रमाण पत्र अभियान के रूप में बनाए जाएंगे।

## जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर विभिन्न वार्डो का जायजा लिया । उन्होंने पेथोलॉजी, कोविड वार्ड, बच्चा वार्ड, महिला वार्ड से लेकर जिला अस्पताल परिसर, साफ-सफाई का निरीक्षण किया और मरीजों को मिल रहीं सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर डॉ.मुकेश जैन ने जिला चिकित्सालय में मरीजों को मिल रहीं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, भरत यादव, सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र ठाकुर, डॉ. रीता चटर्जी, डॉ. जलज बजाज खासतौर पर मौजूद थे। मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा प्रधानमंत्री जी की सोच है, कुपोषण को समाप्त करके जच्चा बच्चा स्वस्थ रहे। मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये सारे देश में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बच्चों और महिलाओं के वार्ड में जाकर निरीक्षण किया। जो नवजात शिशु कम वजन के है, उनके लिये अलग व्यवस्था है, उसको जाकर देखा। उन्होनें कहा स्वास्थ्य सुविधाएं पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत इंस्टीट्यूशनल में डिलेवरी को बढ़ावा दिए जाने से बाल व शिशु मृत्यु दर में कमी आई है, वहीं सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत पहले बहुत सारी धारणाएं रहती थी और हमारी माताएं, बहनें डिलेवरी घरों पर कराते थे, उसके कारण से बहुत सारी केजुलिटी होती थी, अब इसमें काफी सुधार हुआ है। डिलेवरी के बाद सरकार द्वारा सब तरह से आर्थिक सहायता के साथ उनकी चिकित्सकीय देखभाल के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## सामाजिक न्याय मंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्र पिपरिया हथनी का किया निरीक्षण



**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार आज महिला एवं बाल विकास परियोजना दमोह ग्रामीण अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्र पिपरिया हथनी सेक्टार आमचौपरा का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आगनबाडी केन्द्र पिपरिया हथनी में उपस्थित हितग्राहियों से आगनबाड़ी खुलने एवं शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। बच्चों से भोजन समय पर मिलने की बात पूंछी बच्चों ने बताया समय पर मिलता है। उन्होंने केन्द्र पर उपस्थित बच्चों का वजन कराया एवं स्वाहस्के की जानकारी ली। महिलाओं से आंगनबाड़ी समय पर खुलने की जानकारी लेने पर बताया गया आंगनबाड़ी समय पर खुलती है। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आगनबाडी भवन की मरम्मात एवं वाऊण्डररी वॉल निर्माण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम निकेत चौरसिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी जयंत वर्मा, सहायक संचालक संजीव कुमार मिश्रा, परियोजना अधिकारी कैलाश राय, पर्यवेक्षक सेक्ट्र आमचौपरा श्रीमती सरस्वकती यादव, कार्यकर्त्ता सहायिका उपस्थित थीं। मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार से मिले ग्रामीण, मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर जैसे ही बाहर निकले ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी जिसके निराकरण के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये।

## ट्रक ने 12 साल के बच्चे को मारी टक्कर, बच्चे की हालत गंभीर

### दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे के सिग्रामपुर में बड़ा हादसा, पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लिया



**सिंग्रामपुर।** दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर सिंग्रामपुर में एक बड़ा हादसा हुआ। शुक्रवार की सुबह एक ट्रक ने 12 साल के बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे के पैर के ऊपर से ट्रक का चक्का निकल गया। ट्रक रायपुर से ग्वालियर जा रहा था, जबकि ट्रक चालक ने बताया कि वह जबलपुर से दमोह जा रहा था।- बच्चे का नाम नितिन सोनकर है, जो स्वर्गीय राजेंद्र सोनकर का बेटा है। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर भाग गया, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से उसे पकड़ लिया।बच्चे को गंभीर अवस्था में निजी वाहन से जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल बच्चे की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।प्रधान आरक्षक जालम सिंह ने बताया कि पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अवैध शराब विक्रय बंद कराने की मांग को लेकर जबेरा थाना में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुड़ेरी के ग्रामों में अवैध शराब विक्रय बंद कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्राम वासियों ने जबेरा थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत मुड़ेरी के ग्रामों में अवैध शराब विक्रय की जा रही है जिसके कारण ग्रामों में लड़ाई झगड़े होते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम देवतरा में पिछले चार-पांच सालों से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। जिस पर ग्राम के सरपंच एवं सचिव के द्वारा गांव में शराब विक्रय पर रोक लगाई गई और शराब बेचने वालों को समझाने का प्रयास भी किया गया। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि ग्राम में शाला के पास शराब बेंची जा रही है जिस कारण शाला लगाने में बालक बालिकाओं एवं शिक्षकों को परेशानी होती है जिसे ध्यान में रखते हुए गांव में हो रही अवैध शराब विक्रय बंद करने की मांग ज्ञापन में की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सरपंच प्रकाश सिंह धुर्वे, सचिव अंबिका साहू, हेमराज धुर्वे, हरिराम धनगर, गोविंद धनगर ,दिलीप चौधरी, रवि रैकवार, सुनील गौड़ ,बहादुर ठाकुर, संतोष रानी, प्रीति, संजना, ममता बाई, दीपा, तुलसा बाई, सरस्वती, सीमा रानी, भारती, साधना, रिंकी, रश्मि, रजनी, गीता,पानवाई, अभिलाषा, मोहिनी, उमारानी सहित अनेकों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## 300 पाव अवैध शराब के साथ बाईक जब्त



**तेंदूखेड़।** तेंदूखेड़ा पुलिस ने मुखविर की सूचना पर 300 पाव देशी शराब के एक मोटर साईकिल जप्त कर एक आरोपी के उपर आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि झापन की तरफ से बड़ी मात्रा में अवेध शराब झलोन तेंदूखेड़ा तरफ लाई जा रही है। जिसे संज्ञान में लेकर पुलिस ने स्टाफ लेकर झलोन बस स्टेंड पर पहुंचकर वाहनो की निगरानी की गई। लगभग दोपहर के दो बजे झापन तरफ एक मोटर साईकिल आते दिखी जो पुलिस को देखकर मोटर साईकिल चालक घनेटा ग्राम की तरफ भागा जिसका पीछा कर कुटी मंदिर धनेटा के पास मोटर साईकिल पर रखे थैला व बैग को चेक किया गया जिसमें देशी लाल मसाला शराब के 250 पाव व देशी प्लेन शराब के 50 पाव कुल 300 पाव देशी शराब (54 बल्क लीटर) कीमती 29500 रूपये एवं एक टीब्हीएस स्टार सिटी प्लस मोटर साईकिल बिना नम्बर की कीमती करीब 30 हजार रुपये की आरोपी अरूण सिंह गौड़. उम्र 25 साल निवासी ग्राम केवलारी मनकेड़ी, थाना बेलखेड़ा, जबलपुर से जप्त कर अपराध क्रमाक 237@25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी नीतेश जैन, प्रआर बृजेश तिवारी, रविचंद सेन, महेश कुमार, शालिम खान, आर नंदलाल कुर्मी, रणधीर सिंह, नीरज नामदेव, राजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं सायबर सेल से प्रआर राकेश अठ्या व रोहित सिंह राजपूत का शामिल रहे।

## एसडीएम ने पहुंचकर समाप्त कराई भूख हडताल



**सभी कर्मचारियों के खाते में डलवाए गई दो दो माह का वेतन, शेष तीन माह का वेतन शीघ्र दिलाने का दिया आश्वासन**

**तेंदूखेड़ा।** दो दिन से बैठे आउटसोर्स कर्मचारियों की हडताल एसडीएम सौरभगंधर्व ने पहुंचकर रात साढे 8 बजे समाप्त करावादी गई। संबंधित ऐसेन्सी से बात कर दो माह का वेतन कर्मचारियों के खाते में डलवाने के बाद हडताल पर बैठे कर्मचारियों से सहमति लेकर साथ ही पंचनामा बनाकर सभी हस्ताक्षर कराकर हडताल को समाप्त कराया गया। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 24 आउटसोर्स कर्मचारियों में से 7 कर्मचारी दूसरे दिन भी भूखहडताल पर बैठे रहे। शेष कर्मचारी हडताल पर बैठे थे। जब मामले को लेकर एसडीएम से फोन पर चर्चा की तो उन्हेने तत्काल आकर सभी कर्मचारियों से बात की एवं ऐजेन्सी के द्वारा शाम को कर्मचारियों के खाते में वेतन डाले जाने का आरटीजीएस की सूची मंगवाई गई एवं कुछ कर्मचारियों के खाते में दो माह वेतन पहुंचने का मेसेज चेकर करने के बाद हडताल को समाप्त कराया गया। शेष तीन माह का वेतन लगभग एक सप्ताह में डाले जाने का आश्वासन दिया गया है। इसके अलावा अप्रेल 2024 से बडे हुए वेतन का ऐरियर्स के लिए सीबीएमओ को आवेदन देने के लिए कहां है एवं सीएमबीएमओ से इस संबंध में प्रतिवेदन एसडीएम ने मांगा है। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहा है कि वर्तमान में ऐजेन्सी से दो दो माह का वेतन डलवाया गया है। साथ ही कुछ कर्मचारियों के खाते भी चेक कराए गए है। इसके बाद हडताल समाप्त करने के लिए सहमत हुए। आगामी समय में ऐसी समस्याए न हो इसके लिए हम स्वास्थ्य विभाग को लिख रहे है। इसके अलावा इनकी ऐजेन्सी को भी पत्र लिख रहे है कि जैसे सभी नियमित कर्मचारियों को प्रतिमाह भुगतान किया जाता है। बैसे ही भुगतान करने की व्यवस्था करे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक द्वय को दी गई समारोहपूर्वक विदाई पटेरा के कार्यकाल को दोनों ने बताया अविस्मरणीय





### विदाई गीत भी गाते रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर के पीएम श्री विद्यालय से दो उच्च शिक्षकों सीताराम पटेल एवं अखिलेश पांडेय की सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक विदाई दी गई व सम्मान प्रभारी बीईओ मूकेश गूजरे, विकासखण्ड स्त्रोत समान्वयक दिलीप उपाध्याय, हरिभूमि प्रमुख नरेन्द्र जैन बजाज विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, शिक्षक कमलेश शर्मा, व दोनो सेवानिवृत्त शिक्षक मंचासीन रहे। अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। संस्था प्रधान राजेश कुमार जैन ने सभी अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया। अतिथियों ने अपने उदबोधन में दोनो शिक्षकों के कार्यकाल को सराहा व अब शेष जीवन परिवार के साथ बिताने की बात कही। प्रभारी बीईओ मूकेश गूजरे का सभी ने तालियां बजा कर स्वागत किया जब उन्होने बताया कि बिलगुंवा के सेवानिवृत्ति शिक्षक के सभी क्लेम निपट गये है। जैन मिलन उनका घोषणा अनुसार सम्मान करेगी। इसकी घोषणा भी अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज ने की। शिक्षक कैलाश पटेल, माधव पटेल के विदाई गीतों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम का सफलतम संचालन नीलेश विश्वकर्मा ने किया। सेवानिवृत्त शिक्षक महेश जैन, देवेन्द्र जैन के साथ ही पंकज जैन, मुलाम सिंह, प्रमोद परोहा, स्कूल स्टाफ सहित समीपी ग्रामों से शिक्षकगण विक्रांत ताम्रकार, नीलम जैन, संध्या तंतुवाय सहित शिक्षकगण लक्ष्मीकांत पटेल, दोनो शिक्षकों के परिजन नाते रिश्तेदार भी बडी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने अपने अपनो का सम्मान किया। पीएम श्री स्कूल स्टाफ ने दोनो शिक्षकों का सम्मान किया। नीलेश विश्वकर्मा ने बताया कि सीताराम पटेल ने 37 वर्ष से अधिक व अखलेश पांडे ने इकतालीस वर्ष ने अधिक समय शिक्षा विभाग को दिया। दोनो ही शिक्षकों ने पटेरा में बिताये समय को एक यादगार बताया। उन्होने शिक्षक स्टाफ के साथ अधिकारियों की भी सराहना की। दोनो ने ही अपने कार्यकाल के दौरान हुई गल्तियां के लिये क्षमा भी मांगी। अंत में आभार राजेश जैन ने माना।

## सांसद ने अहमदाबाद घटना पर की संवेदनाएं व्यक्त

**दमोह।** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने अहमदाबाद घटना के सबंध में मृतकों के प्रति अपनी संवेदनाए व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा उक्त घटना से बड़ा दुख और मन व्यथित हैं। ऐसी घटनाएं जो जीवन में घट जाती है जिसके लिए हम कभी तैयार नहीं रहते हैं। क्षेत्र के दौरे से जब रात को पहुंचे, वह वीडियो आए तो निश्चित ही मन घबरा गया। सांसद श्री लोधी ने कहा ईश्वर से यही प्रार्थना की है कि मृतकों की आत्माओं को अपने श्री चरणों में जगह दे, परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दे। इस प्रकार की घटना किसी के साथ ना घटे। उन्होंने कहा निश्चित ही मन घबरा गया और बहुत ज्यादा चिंता है। प्रभु से यही कामना है कि मृतक जनों को श्री चरणों में जगह दे और उनके परिवार को इस दुख से लड़ने की ताकत दे।

## जी पी उपाध्याय का निधन

**दमोह।** वयोवृद्ध सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री गणेश प्रसाद उपाध्याय का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार नगर की सुरेखा कॉलोनी सिंधी मुक्तिधाम में शाम 4 बजे किया गया । उनके जेष्ठ पुत्र श्रवण कुमार, सुनील उपाध्याय ने मुखाग्नि दी । वह अपने पीछे संपन्न भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्र, दो पुत्रियां, पत्नी भी हैं उनके छोटे दामाद वरिष्ठ पत्रकार रामशरण पाराशर दमोह एवं बड़े स्वर्गीय लखन पाराशर सागर में है। श्री उपाध्याय जी को अंतिम विदाई देने नगर के सभी वर्गों के लोगों ने मुक्ति धाम पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मनीष पटेल पिता आयु लगभग 44 वर्ष पिता श्री घनश्याम प्रसाद पटेल निवासी हिरदेपुर, तहसील दमोह, जिला दमोह शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हू कि यह कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में अथर्व पटैल अंग्रेजी ATHARAV PATEL दर्ज था जो कि गलत है, जिसमें सुधार कराकर अथर्व पटैल अंग्रेजी में ATHARV PATEL हो गया है जो कि सही है ।यह कि मेरे पुत्र का नाम अन्य सभी दस्तावेजों में अथर्व पटैल अंग्रेजी में ATHARV PATEL दर्ज है ।यह कि मेरे पुत्र के पासपोर्ट में पूर्व के आधार की भांति ही नाम अथर्व पटैल अंग्रेजी में ATHARAV PATEL दर्ज है जो कि गलत है उक्त नाम में सुधार कर अथर्व पटैल अंग्रेजी में ATHARV PATEL किया जावे जो कि सही व सच है ।इस वास्ते यह शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

**आम सूचना**

यह कि मेरी पक्षकार के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार कुबजारानी पति श्री मुन्नीलाल उर्फ मुरारी लाल पटैल जो हिनौता कला में निवास करते हैं, यह कि मेरी पक्षकार कुबजारानी पति श्री मुन्नीलाल उर्फ मुरारी लाल पटैल ने मौजा हिनौता कला जिसका खसरा क्रमांक 673/6 रकवा 0.08 हेक्टेयर विक्रेता श्रीमति भगवती बाई पिता श्री शेवनाथ कुर्मी पटैल से दिनांक 08/12/2005 को उप-पंजीयक कार्यालय हटा के समक्ष रजिस्टर्ड विकय पत्र द्वारा क्रय किया था जिसका पुस्तक कमांक A-1, ग्रंथ कमांक 1807. दस्तावेज कमांक 1385, है। उक्त मूल विकय पत्र दिनांक 15/05/2025 रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। जिसकी सूचना भी दिनांक 06/06/2025 को लिखित रूप में थाना चौकी गैसाबाद तहसील हटा, जिला दमोह में कर दी गयी है। ऐसी स्थिति में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित कुबजारानी पति श्री मुन्नीलाल उर्फ मुरारी लाल पटैल के नाम की संपत्ति के संबंध में विक्रेता या किसी भी वारसान वारिसानों एवं किसी भी व्यक्ति विशेष तथा बैंक शासकीय अशासकीय एवं अर्धशासकीय एवं वित्तीय संस्थान, सोसायटी फर्म किसी भी कार्यालय को कोई भी आपत्ति या कहीं दान, बंधक, गिरवी, विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति, संस्था व अन्य इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के अंदर मेरे कार्यालय में पूर्ण दस्तावेज के साथ लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति, स्वत्व मेरी पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

"कृपया सूचित हों"

**आशीर्वाद चतुर्वेदी (एडवोकेट)**

पता बस स्टेण्ड रोड, भारती गैस एजेंसी के बाजू में, दमोह मो. नं. 9977065535